प्रेस विज्ञप्ति :–1

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 25.08.2023 को हिन्दी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद में आयोजित की गयी नीलामी में जिन आवेदको द्वारा नीलामी में प्रस्तावित सम्पत्ति के सापेक्ष आवेदन किया गया है एवं उनकी नीलामी नहीं हो पायी है। अपरिहार्य कारणों से उन सम्पत्तियों की नीलामी दिनांक 26.08.2023 को हिन्दी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद के स्थान पर प्रातः 10:00 बजे से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर/सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

प्रेस विज्ञप्ति :–2

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा आज दिनांक 25.08.2023 को प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त औद्योगिक भूखण्ड, व्यवसायिक भूखण्ड, कन्वीनियेन्ट शॉपिंग भूखण्ड, दुकान भूखण्ड, आवासीय भूखण्ड एवं पेट्रोल पम्प आदि अन्य सम्पत्तियों की नीलामी हिन्दी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद में आयोजित की गयी। उक्त नीलामी की कार्यवाही अपर सचिव की अध्यक्षता में प्रभारी मुख्य अभियन्ता, विशेष कार्याधिकारी/प्रभारी व्यवसायिक, नगर नियोजक, सहायक अभियन्ता, लेखाकार आदि सदस्यों की उपस्थिति में की गयी। नीलामी में मधुबन बापूधाम योजना के 04 औद्योगिक भूखण्ड एवं इन्दिरापुरम योजना के 10 कन्वीनियेन्ट शॉपिंग भूखण्ड को विक्रय किया गया। विक्रय की गयी सम्पत्तियों से प्राधिकरण को लगभग रू0 12.10 करोड़ (बारह करोड़ दस लाख मात्र) की आय होगी। आवेदको/क्रेताओं के रूझान को देखते हुए प्राधिकरण द्वारा रिक्त सम्पत्तियों की नीलामी प्रत्येक शुक्रवार (अवकाश को छोड़कर) को आयोजित की जायेगी।

Scanned with CamScanner